(रजिस्टर्ड)

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ 4(ई) (के–85 / 2011) अलेसे–III / दिनांक –

श्री कमल खन्ना पुत्र श्री किशन देव खन्ना
2372, संत रविदास नगर,
गली न0 3, भदवासीया,
जोधपुर–342007

**विषय** :– विभागीय आदेश संख्या 317 / 2012–13 दिनांक 19.03.2013 की अनुपालना मे कार्यग्रहण करने बाबत।

विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी नियुक्ति राज0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लेखाकार / क0लेखाकार सीधी भर्ती संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2011 में सफल घोषित किये जाने एव आयोग की अनुशंषानुसार आपको कनिष्ठ लेखाकार के रुप मे विभागीय आदेश संख्या 317 / 2012–13 दिनांक 19.03.2013 के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कर कार्यालय कोषालय डूंगरपुर मे क0लेखाकार के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए आपको निर्देश दिये गये थे कि आप उक्त आदेश की प्राप्ति के 7 दिवस मे पदस्थापन कार्यालय कोषालय, डूंगरपुर मे निश्चित रुप से कार्यग्रहण / उपस्थिति देकर इस विभाग को सूचित करेंगे अन्यथा आपके नियुक्ति आदेश निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके पश्चात् विभागीय समसख्यक पत्र क्रमांक 401 दिनांक 12.04.2013 द्वारा भी शीघ्र कार्यग्रहण करने हेतु रजिस्टर्ड पत्र से लिखा गया था किन्तु वह पत्र वापस लौट कर आ गया है। परन्तु आदेश जारी होने के लगभग 2 माह मे भी आपने पदस्थापन कार्यालय मे उपस्थिति / कार्यग्रहण नही किया है।

आवेदन पत्र दिनांक 27.03.2013 के द्वारा आपने जोधपुर शहर मे नियुक्ति दिलवाने का अनुरोध किया था। इस सम्बन्ध मे आपको लिखा गया था कि वर्तमान परिस्थिति मे जोधपुर मे नियुक्ति / पदस्थापन संभव नही है। आप तुरन्त पदस्थापन कार्यालय कोषालय, डूंगरपुर मे कार्यग्रहण कर इस विभाग को प्रगति से अवगत करावे, परन्तु अभी तक आदेश की पालना नही की गई है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप पत्र प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि मे पदस्थापन कार्यालय कोषालय, डूंगरपुर मे कार्यग्रहण / उपस्थिति देकर पालना रिपोर्ट से अविलम्ब इस निदेशालय को सूचित करें अन्यथा आपकी अभ्यार्थिता (नियुक्ति) आदेश निरस्त कर दिये जावेंगे।

हस्ता0
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

क्रमांक :– एफ 4(ई) (के–85 / 2011) अलेसे–III / 6400 दिनांक – 16.05.13

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित है :–**

1. श्री यू.आर. मीणा, उप प्रवर डाकपाल, प्रधान डाकघर, जोधपुर।
2. कोषाधिकारी, डूॅंगरपुर को श्री कमल खन्ना की कार्यग्रहण रिपोर्ट भिजवाने हेतु प्रेषित है।
3. कम्प्यूटर (वेबसाईट) निदेशालय।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

F:\SAS-III\DTA\VERMA G\LETTERS_RGV